ओवरलोड बस पर चला प्रशासन का डंडा

भिंड-ग्वालियर मार्ग पर जांच में पकड़ी गई बस, 3 हजार का चालान, बस में भारी थी 100 से अधिक सवारी

नवभारत न्यूज

भिंड 2 फरवरी। भिंड से ग्वालियर जाने वाली यात्री बसों में लगातार मिल रही ओवरलोडिंग और अनियमित संचालन की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा भिंड के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा की गई जांच के दौरान भिंड-ग्वालियर मार्ग पर एक बस को क्षमता से अधिक यात्रियों को ढोते हुए पकड़ा गया। नियमों के उल्लंघन पर बस के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि भिंड से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बसें ग्वालियर के लिए संचालित होती हैं। इनमें यात्रियों को तय क्षमता से अधिक भरने, सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने और बसों के दरवाजों तक यात्रियों को खड़ा कर सफर कराने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने परिवहन विभाग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

ग्राम गिंगरखी पर हुई जांच: कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग की टीम ने भिंड-ग्वालियर मार्ग पर ग्राम गिंगरखी के पास जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक बस में निर्धारित सीटों से अधिक यात्री सवार पाए गए। बस में खचाखच भीड़ होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा बना हुआ था। टीम ने मौके पर ही बस को रोककर जांच की और ओवरलोडिंग की पुष्टि होने पर चालानी कार्रवाई की।

यात्री सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ओवरलोडिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि दुर्घटनाओं का बड़ा कारण भी बनती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे भी बस संचालकों द्वारा नियमों की अनदेखी की गई, तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई आगे भी रहेगी जारी: परिवहन विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में भिंड-ग्वालियर मार्ग सहित जिले के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी नियमित जांच अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य बस संचालकों को नियमों का पालन कराने के साथ-साथ यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है।

सभी विभाग प्रमुख सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के 6 माह पूर्व ही कराएं पेंशन स्वीकृति कार्य : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

भिंड 2 फरवरी। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा कर्मचारियों के हितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। इन विषयों पर विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारी प्रतिनिधियों ने सेवा संबंधी मुद्दों, पेंशन, पदोन्नति, स्थानांतरण एवं अन्य प्रशासनिक समस्याओं को बैठक में प्रमुखता से उठाया। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि कर्मचारी संघों द्वारा प्रस्तुत की गई सभी समस्याओं एवं सुझावों को विधिवत सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठकें समय-समय पर नियमित रूप से आयोजित की जाएं, ताकि कर्मचारियों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बना रहे और समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि आगामी छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सूची अनिवार्य रूप से तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति से कम से कम छह माह पूर्व ही पेंशन स्वीकृति, ग्रेच्युटी एवं अन्य आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि कोई भी सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन या अन्य लाभों के लिए परेशान न हो और उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारी कल्याण से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए शासन के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

बजट के आंकड़े खुद आर्थिक मंदी का प्रमाण : धर्मेंद्र सिंह

भिंड 2 फरवरी। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पिंकी ने कहा कि यह बजट न तो रोजगार सृजन करता है, न मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देता है और न ही किसानों के हित में है। उन्होंने इसे 'कटौती का बजट' करार देते हुए कहा कि बजट के आंकड़े स्वयं देश में गहराती आर्थिक मंदी का सबसे बड़ा प्रमाण हैं।

यह कटौती का बजट, रोजगार-किसान-मैन्युफैक्चरिंग के लिए कुछ नहीं

भदौरिया ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो सरकार की आर्थिक नाकामी साफ दिखाई देती है। राजस्व प्राप्तियों में 78,086 करोड़ रुपए की कमी आई है, नेट टैक्स प्राप्ति 1,62,748 करोड़ रुपए कम रही है, जबकि कुल खर्च में 1,00,503 करोड़ रुपए की कटौती की गई है। यह दर्शाता है कि सरकार ने विकास बढ़ाने के बजाय खर्च घटाकर आंकड़े संतुलित करने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में 3,686 करोड़, शिक्षा में 6,701 करोड़, कृषि क्षेत्र में 6,985 करोड़ और ग्रामीण

विकास में 53,067 करोड़ रुपए की भारी कटौती की गई है। वहीं शहरी विकास में 39,573 करोड़ रुपए और प्रधानमंत्री आवास योजना में 3,200 करोड़ रुपए की कटौती की गई, जो गरीब और मध्यम वर्ग के लिए चिंता का विषय है। धर्मेंद्र भदौरिया ने कहा कि दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के कल्याण की योजनाओं में भी भारी कटौती की गई है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में 890 करोड़, ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी छात्रवृत्ति में 690 करोड़, एससी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में 360 करोड़ और एसटी विकास कार्यक्रम में 1,559 करोड़ रुपए की कटौती की गई है। इससे साफ है कि सरकार सामाजिक न्याय के मुद्दे से मुंह मोड़ रही है।

ऋषीश्वर महाविद्यालय फूप में वर्ल्ड वेटलैंड डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

भिंड 2 फरवरी। भिंड ऋषीश्वर महाविद्यालय फूप में सोमवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 30 एमपी बटालियन एनसीसी भिंड के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़ एवं एडम कर्नल अवनिंदर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत में कैप्टन डॉ. कौशलेंद्र सिंह भदौरिया ने कैडेट्स को वर्ल्ड वेटलैंड डे के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आर्द्र भूमि (वेटलैंड) वह क्षेत्र होता है, जहां पानी भूमि पर जमा रहता है या भूमि पानी से संतृप्त रहती है। ये क्षेत्र नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्र तटों के आसपास पाए जाते हैं। वेटलैंड जैव विविधता का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। कैप्टन डॉ. भदौरिया ने कहा कि वेटलैंड न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि अनेक प्रकार के पौधों और जीव-जंतुओं का प्राकृतिक आवास भी हैं, जिनका अस्तित्व इन्हीं पर निर्भर करता है। उन्होंने वेटलैंड संरक्षण की आवश्यकता पर जोर

देते हुए कहा कि इनके संरक्षण से जल संसाधनों की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरणीय संकटों को भी कम किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके शर्मा एवं प्रो. अरुंधति दीक्षित ने कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की सीख दी। समाजसेवी पूजा भदौरिया ने भी वेटलैंड के महत्व और उनके संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वी. के. शर्मा, कैप्टन डॉ. कौशलेंद्र सिंह भदौरिया, प्रो. अरुंधति दीक्षित, ट्विंकल, चंद्रबिंदु शर्मा, सचिन शर्मा, दधिराम शर्मा, गणपति शर्मा, मुनेश शर्मा, अनूप कुमार सहित सोनम चौहान, महिमा सिंह, आदित्य शर्मा, विशाल सिंह, विष्णु शिवहरे, अमित सिंह, ऋतिक शर्मा, अभिषेक यादव, प्रशांत यादव, आदित्य भदौरिया, हर्षित भदौरिया, अभिव्यक्ति भदौरिया, अंजलि, शालिनी, खुशबू, तनु, रोशनी, अंजली वर्मा, ऋतिक सिंह, दक्ष भदौरिया, अमर शर्मा, हर्षित एवं शिवानी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।

प्राचीन हनुमान मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण, श्रद्धालुओं का रास्ता बाधित

नवभारत न्यूज

भिंड 2 फरवरी। लहार जनपद की ग्राम पंचायत कुरथर अंतर्गत भॉपर गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। मंदिर के सामने अवैध निर्माण कर लिया गया है, वहीं मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते पर मवेशी बांध दिए जाने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, बलराम पुत्र पुनू जाटव ने मंदिर के सामने की शासकीय/मंदिर भूमि पर तीन तरफ से पक्की दीवार बनाकर कब्जा कर लिया है। इससे न केवल मंदिर का स्वरूप प्रभावित हुआ है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। इसके अलावा, प्रकाश पुत्र घन्सू जाटव और

जवाहर पुत्र भगवानदास जाटव पर मंदिर के दोनों ओर मवेशी बांधकर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप है। इससे खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर वर्षों पुराना है और गांव की आस्था का केंद्र रहा है। यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक आयोजन भी होते हैं, लेकिन अतिक्रमण और रास्ता बाधित होने से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि उमाशंकर जाटव, महेंद्र कुमार, हरिशंकर, ध्यानेंद्र सिंह, मलखान सिंह, करण सिंह, बाबूलाल जाटव सहित कई ग्रामीणों ने इस अतिक्रमण को लेकर ग्राम पंचायत में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पंचायत स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद ग्राम पंचायत कुरथर द्वारा 2 जनवरी को लहार एसडीएम कार्यालय को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता के चलते अतिक्रमण करने वालों के हौसले बढ़ रहे हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में मंदिर की जमीन पर और भी कब्जे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में लहार एसडीएम विजय सिंह यादव ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि आलमपुर नायब तहसीलदार को शीघ्र स्थल निरीक्षण कर जांच करने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर की जमीन से अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू कराया जाए, ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के पूजा-अर्चना कर सकें और धार्मिक स्थल की गरिमा बनी रहे।

केंद्र व राज्य में कांग्रेस की सरकार बनवा सके उसे राज्यसभा का टिकट दिया जाए : प्रमोद शुक्ला

नवभारत न्यूज

मेहगांव 2 फरवरी। मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने कहा है कि आगामी 4 महीनों बाद मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में राज्यसभा चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें कुछ सीटे कांग्रेस पार्टी को भी मिलेंगी जिनमें प्रदेश का कोई भी छोटा बड़ा कांग्रेस का नेता कार्यकर्ता अपनी मजबूत प्रबल दावेदारी कर सकता है पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सुझाव है व मांग भी करता हूं कि इस बार 2026 में ऐसे व्यक्ति को राज्यसभा का टिकट दिया जाए जो प्रदेश में 2028 में 150 विधानसभा सीट तथा 2029 में प्रदेश की 25

लोकसभा सीट जीतने की कांग्रेस पार्टी संविधान के नियमानुसार शपथ पत्र देकर गारंटी ले अगर ऐसा नहीं होता है तो 2 वर्ष बाद तत्काल इस्तीफा भी देना होगा यह नियम पहले लागू होता तो देश में आज राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते कमलनाथ अभी मुख्यमंत्री होते।

किसान नेता शुक्ला ने कहा कि पार्टी किसी भी समाज वर्ग के व्यक्ति को आगे ले जो संसद में बैठकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी के द्वारा 1986 में सर्वप्रथम श्री राम मंदिर अयोध्या के कपाट खोलने की बात कह सके साथ ही देश के संविधान द्वारा निर्मित संस्कार आदर्श मूल्य की रक्षा का संकल्प भी ले संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की बात करें इसके अलावा सांसद बनकर व्यक्ति को सुख सुविधाओं भोग विलासिता से दूर रहना चाहिए क्योंकि संसद भवन एक मंदिर की तरह होता है इसलिए पवित्रता बहुत आवश्यक है।

शा0 सांदीपनी विद्यालय मे पांच दिवसीय कैरियर कांउसलिग मेला आयोजित

नवभारत न्यूज

मेहगांव 2 फरवरी। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार छात्रों के कैरियर काउंसलिंग मार्गदर्शन हेतु मेले का आयोजन किया गया,

जिसमे अपने भबिष्य को रोजगार उन्मुखी शिक्षण हेतु विभिन्न क्षेत्रों के बिषय विशेषज्ञों व्दारा मार्गदर्शन कराया गया,

चिकित्सा क्षेत्र, इंजीनियर, शारीरिक शिक्षा, प्रशासनिक सेबा, क्रषि विज्ञान, भाषा विशेषज्ञ, आईआईटी, क्षेत्र की बिशेष जानकारी सहित कैरियर चयन मे सहायता हेतु विध्यालय के कैरियर काउंसलिंग नाडल प्रदीप कुमार शर्मा, सतीश सिह यूएम एस व्दारा क्षात्रो को बिषय के चयन हेतु मार्गदर्शन कराया गया, कार्यक्रम मे बिषय विशेषज्ञो के रूप मे मुख्य रूप से राजीव शर्मा, खण्ड क्रीडा अधिकारी, श्रीमती ममता शर्मा विज्ञान शिक्षा, प्रशांत कौशल ग्रंथपाल, राधाकृष्ण शर्मा प्राध्यापक, अंबरीश शिवहरे आईटीई, मेले का समांपन अंबरीश शिवहरे के रोजगारोनुमुखी मार्गदर्शन संपन्न हुआ।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

भिंड 2 फरवरी। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिंड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन को लेकर विशेष रूप से सख्त रुख अपनाते हुए विभागवार लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। विशेषकर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जन शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि उनके विभाग के अंतर्गत कार्यरत रेगुलर, मानदेयी एवं

अनियमित कर्मचारियों का समग्र ई-केवाईसी समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए। ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिए कि वे समग्र ई-केवाईसी पर विशेष ध्यान दें और कार्य में तेजी लाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जिन नागरिकों की अब तक समग्र आईडी नहीं बनी है, उनकी समग्र आईडी अनिवार्य रूप से तैयार कराई जाए। बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा पत्रों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अंत में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके।

व्यवस्थाओं के अभाव में काम कर रहे मालनपुर के डॉक्टर

नवभारत न्यूज

मालनपुर 2 फरवरी। मालनपुर में स्थित शासकीय स्पताल में व्यवस्थाओं के अभाव में डॉक्टरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद भी

धूल खा रही गोदरेज कंपनी द्वारा दी गई एक्स-रे मशीन

डॉक्टर कम सुविधाओं में अच्छी सेवा दे रहे हैं द्य डॉक्टर अनामिका यादव, डॉक्टर एम एस तोमर,डॉक्टर इंद्रजीत पाठक, डॉक्टर प्रदीप गुर्जर, डॉ प्रीति सहित पांच डॉक्टर पदस्थ है और अपनी स्विफ्ट के अनुसार बारी-बारी से अस्पताल में सेवा दे रहे हैंद्य यहां के डॉक्टरों ने कम सुविधा में अच्छी सेवा देकर प्राइवेट

अस्पतालों को पीछे छोड़ दिया है जिससे मरीजों की संख्या में भी काफी है इजाफा हुआ है,

प्रेगनेंसी महिलाओं समझाएं स्वस्थ रहने के तरीके: मालनपुर में स्थित शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में प्रेगनेंसी महिलाओं की सफल तरीके से डिलीवरी हो रही है। डॉक्टरों की देखरेख में महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डॉ अनामिका यादव ने बताया कि हम महिलाओं को प्रेगनेंसी के दौरान नियमित जांच और सलाह देते हैं, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जा सके। हमारी कोशिश होती है कि महिलाओं की डिलीवरी सुरक्षित और सफल हो उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में डिलीवरी के लिए विशेष वार्ड बनाया गया हैं, जहां महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। महिलाओं को डिलीवरी के बाद भी अस्पताल में रखा जाता है, ताकि उनकी देखरेख की जा सके।

मौसमी बीमारी से बचने के लिए डॉक्टर ने दिए सुझाव : मालनपुर अस्पताल में पदस्थ डॉ एम एस तोमर ने मरीजों को मौसमी बीमारी से बचने के लिए सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा कर्तव्य लोगों को सेवा देना है, और इस मौसमी बीमारी के समय में हमें विशेष सावधानी बरतनी होगी।' डॉक्टर ने बताया, 'मौसमी बीमारी से बचने के लिए हमें अपने आसपास की सफाई रखनी होगी, पानी को उबालकर पीना होगा, और बाहर जाते समय मास्क पहनना होगा। इसके अलावा, हमें अपने आहार में फल और सब्जियों को शामिल करना होगा और नियमित रूप से व्यायाम करना होगा।' डॉक्टर ने लोगों से अपील की, 'हम सभी को मिलकर इस मौसमी बीमारी से लड़ना होगा। हमें अपने परिवार और समाज की रक्षा करनी होगी। अगर आपको कोई भी समस्या होती है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।'

अस्पताल में धूल खा रही एक्स-रे मशीन : अस्पताल को मालनपुर में संचालित गोदरेज कंपनी द्वारा एक्स-रे मशीन की सौगात दी थी द्य लेकिन उसे चलाने वाला कोई नहीं है जिसके चलते एक्सरे मशीन धूल खा रही है और बंद पड़ी है जो कुछ ही दिनों में खराब होकर कंडम हो जाएगीद्य कम सुविधाओं में भी डॉक्टर अच्छी सेवाएं दे रहे हैं और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दे रहे।

एक्स-रे रिपोर्ट पर युवक की मारपीट का मामला दर्ज

मुरैना, 2 फरवरी। सरायछौला थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरई निवासी धर्मेन्द्र 30 पुत्र रामअवतार की विगत 26 अक्टूबर 2025 को टिंकू पुत्र दयाराम जाटव ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली थी। जिससे उसे चोटें आईं थी। पुलिस ने धर्मेन्द्र की एक्स-रे रिपोर्ट के आधार पर मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

बागचीनी में युवक की मारपीट का मामला दर्ज

मुरैना, 2 फरवरी। बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसरौली निवासी विजय सिकरवार 37 पुत्र योगेन्द्र सिकरवार की विगत 1 फरवरी को रामू एवं संतोष सिकरवार ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने विजय की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट, केस दर्ज

मुरैना, 2 फरवरी। देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गुर्जा निवासी सुनीता सिकरवार 26 पत्नी गजराज सिंह सिकरवार की पुरानी रंजिश को लेकर देवेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह सिकरवार ने 1 फरवरी को गालियां देते हुए मारपीट कर डाली थी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।